## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– केन्द्र सरकार सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध।
- सेना दिवस के अवसर पर शिमला में नो योर आर्मी कार्यक्रम का आयोजन– युवाओं को सेना में शामिल होने की मिली जानकारी।
- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के मुताबिक प्रदेश में नशीली दवाओं के दुरूपयोग व संगठित अपराध के उन्मूलन के लिए विशेष कार्यबल होगा गठित।
- उद्योगमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बल्क ड्रग पार्क के कार्य में तेज़ी लाने के अधिकारियों को दिए निर्देश।

## प्रधानमंत्री सेना दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना दिवस पर देश के साहसी सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार विभिन्न सुधारों और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित करके सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के नागरिक हर दिन करोड़ों भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले बहादुरों के बलिदान को याद करते हैं।

## सेना दिवस

इधर, 77वें सेना दिवस के मौके पर सेना प्रशिक्षण कमान शिमला द्वारा ऐतिहासिक रिज मैदान पर ''नो योर आर्मी'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आम लोगों को सेना को करीब से जानने का मौका मिला। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता..............

*सेना दिवस के अवसर पर सेना प्रशिक्षण कमान द्वारा आयोजित नो योर आर्मी कार्यक्रम में लोगों को सेना के हथियार व उपकरणों की प्रदर्शनी के अलावा सेना बैंड की प्रस्तुति भी देखने को मिली। इसके अलावा युवाओं से भारतीय सेना में शामिल होने की जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ आरट्रैक शिमला के कार्यवाहक प्रमुख मेजर जनरल वी.एस.एम. विवेक वेंकटरमन ने किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस कार्यक्रम से लोगों को भारतीय सेना को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी सहित सेना के उच्च अधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान निशुल्क स्वास्थ्य शिविर और सैल्फी प्वाईंट जैसे कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा।*

## मुख्यमंत्री

राज्य सरकार ने नशीली दवाओं के दुरूपयोग और संगठित अपराध के उन्मूलन के लिए विशेष कार्य बल गठित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग एक वैश्विक चुनौती बन गया है जिसके विरूद्ध सख्त उपाय अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए कड़े प्रावधान लागू किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एस.टी.एफ. स्वतंत्र रूप से एस.टी.एफ. पुलिस स्टेशनों के माध्यम से या स्थानीय पुलिस और रेंज, जिला या उप–खंड स्तर पर विशेष इकाइयों के सहयोग से मामलों को पंजीकृत करके जांच करेंगे और उसके दुरुपयोग को रोकने के लिए नशा मुक्ति केंद्रों की गतिविधियों की निगरानी भी करेगा।

## सुक्खू

इस बीच, मुख्यमंत्री ने आज नई दिल्ली में नए कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने नाईन–ए कोटला रोड स्थित नए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी मौजूद रहे।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सेना के मनोबल को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने सेना को खुली छूट दी है। वे आज हमीरपुर ज़िला के सुजानपुर में सर्वकल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा भारतीय सेना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जयराम ठाकुर ने कहा कि केन्द्र सरकार ने सैनिकों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं जिसमें दशकों से लंबित वन रैंक वन पैंशन का मामला भी शामिल है। इस अवसर पर सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल बी.एस. जसवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की जबकि हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।

## मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज नई दिल्ली में डीटीसी के राजघाट डिपो में चालकों वं परिचालकों के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम के नवनिर्मित विश्राम कक्ष का निरीक्षण किया। करीब 70 लाख की लागत से बने विश्राम कक्ष में एक सौ 24 बिस्तरों की व्यवस्था की गई है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल पहला राज्य है जिसने दिल्ली में हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालकों व परिचालकों के लिए ठहरने की व्यवस्था की है। मुकेश अग्निहोत्री ने हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों की पार्किंग व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और निगम के कर्मचारियों से बातचीत की।

## उद्योग मंत्री

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बल्क ड्रग पार्क के लिए सभी विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य में तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं। आज शिमला में बल्क ड्रग पार्क से संबंधित समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इस पार्क के लिए 50 करोड़ रूपए की राशि जारी की गई है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि राज्य सरकार बल्क ड्रग पार्क को समयबद्ध निष्पादित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि प्रदेश में समावेशी विकास के लिए वन संरक्षण अधिनियम वन अधिकार अधिनियम में बदलाव लाना वर्तमान समय की आवश्यकता है। चम्बा ज़िला के भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत चुवाड़ी उपमण्डल के दुरगाई घट्टा गांव में बुर्जा संपर्क मार्ग के भूमि पूजन के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वन संरक्षण अधिनियम के तहत पर्यावरण स्वीकृति के लिए विकास परियोजनाएं केन्द्र स्तर पर काफी समय से लंबित हैं।

## शांडिल

स्वास्थ्य व सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि राज्य सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों व उनके परिवार के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सैनिक कल्याण विभाग और हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम के अधिकारियों के साथ आज शिमला में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये विचार व्यक्त किए। शांडिल ने कहा कि सरकार पूर्व सैनिकों और उनके परिवार के सदस्यों को रोज़गार प्रदान करने पर विशेष बल दे रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने वीरता पुरस्कार विजेता योजना के तहत इस वित्त वर्ष में दो करोड़ 50 लाख रूपए आबंटित किए हैं।

## सिकंदर कुमार

प्रदेश भाजपा महामंत्री व राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा है कि देशभर में संविधान गौरव अभियान को पार्टी एक राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के रूप में मना रही है। आज शिमला में उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों के तहत 26 दिसम्बर से 25 जनवरी तक प्रदेश स्तरीय एक ज़िला स्तरीय और मण्डल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सिकंदर कुमार ने बताया कि इसके तहत 17 जनवरी को शिमला के पीटरहॉफ में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तर के कार्यक्रम को केन्द्रीय राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय मंत्री के दौरे को लेकर आज पार्टी कार्यालय दीपकमल में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन विशेष रूप से मौजूद रहे।

## यंग लीडर्स

"विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग, 2025 के तहत नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के 39 चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया। हिमाचल प्रदेश की नोडल एजेंसी केंद्रीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में इन विद्यार्थियों सहित भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से लगभग 30 लाख विद्यार्थियों ने भाग लिया। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार सुनने का अवसर मिला। हिमाचल प्रदेश से चुने गए 39 विद्यार्थियों में से चार विद्यार्थियों को आगे हिमाचल का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। शिमला ज़िला के कोटखाई क्षेत्र की देवगढ़ पंचायत के अर्नव शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ हुई बातचीत के अनुभव आकाशवाणी के साथ साझा किए। कार्यक्रम के दौरान हिमाचल के दल को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, सांसद अनुराग ठाकुर, इंदू गोस्वामी और सुरेश कश्यप से मिलने का मौका मिला।

## दुर्घटना

किन्नौर जिले के पूह विकाखण्ड में स्पीलो सम्पर्क मार्ग पर आज एक वाहन के दुर्घटना ग्रस्त होने से दो महिलाओं की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि वाहन चालक व अन्य व्यक्ति घायल हुए हैं। मृतक महिलाओं की पहचान झारखण्ड से बसंती देवी और स्पीलो की नरगू जांगमों के रूप में की गई है। घायलों को क्षेत्रीय अस्पताल रिकांगपिओ में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है।